हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–155 : जौनपुर, शनिवार 18 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## लखनऊ में बनेगी स्टार्टअप वैली : आगरा में स्थापित होगा ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

लखनऊ ब्यूरो : हांगकांग की कंपनी आगरा में छह हजार करोड़ रुपये की लागत से दो इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। कंपनी चार हजार करोड़ रुपये की लागत से ई–बाइक और लिथियम बैटरी निर्माण का प्लांट भी लगाएगी। वहीं वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लखनऊ में स्टार्टअप वैली की स्थापना करेगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के क्षेत्र में देश–विदेश के निवेशकों ने यूपी में 1.37 लाख करोड़ रुपये निवेश के लिए 9 हजार से अधिक करार साइन किए है। इनमें 225 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाले टॉप 20 निवेशकों ने कुल 17,521 करोड़ रुपये निवेश के एमओयू किया है। इसमें हांगकांग की एक कंपनी ही करीब 10 हजार करोड़ का निवेश करेगी। निवेशकों ने प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों में एलईडी सोलर बल्ब यूनिट, एमएसएमई एक्टिविटीज, एथेनॉल प्लांट, पैकेजिंग यूनिट, ऑटोमोबाइल पार्ट्स समेत कई और यूनिट की स्थापना करने के लिए करार किया है। हांगकांग की ताऊचेन इंटरनेशनल प्रा लि ग्रुप की ताऊचेन ई मोटर्स प्रा लि आगरा में 4100 करोड़ के निवेश से ई व्हीकल



मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज की शुरुआत करेगी। वहीं ताऊचेन ई मोबिलिटी आगरा में ही 2050 करोड़ की लागत से 2 और 3 व्हीलर ई व्हीकल्स की फैसिलिटीज वाली यूनिट लगाई जाएगी। वहीं वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कॉरपोरेशन राजधानी लखनऊ में 1500 करोड़ रुपये के निवेश से स्टार्टअप वैली बनाएगी। यह सूक्ष्म–मध्यम उद्योग और एमएसएमई के लिए एक जरूरी इकोसिस्टम की तरह काम करेगी।

## स्वर्णमंडित मंडप में होगा बाबा विश्वनाथ का विवाह : 45 घंटे जागकर भक्तों को देंगे दर्शन

वाराणसी ब्यूरो : महाशिवरात्रि पर स्वर्णमंडित मंडप में बाबा विश्वनाथ का विवाहोत्सव मनाया जाएगा। काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद मंदिर को 60 किलोग्राम सोने से मंडित कराया गया है। 18 फरवरी को मंगला आरती के बाद से बाबा विश्वनाथ अगले 45 घंटे तक जागकर भक्तों को दर्शन देंगे। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में बाबा की एक झलक पाने के लिए रात से ही भक्तों की लंबी कतार लगी है। काशी के सभी शिवालयों में आज उत्सव मनाया जा रहा है। खुले मंदिर के कपाट 3:30 बजे मंगला आरती के पूर्ण होने पर खुले मंदिर के कपाट 06 लाख से अधिक शिवभक्तों के बाबा दरबार में हाजिरी लगाने का है अनुमान 45 घंटे तक लगातार बाबा विश्वनाथ देंगे शिवभक्तों को दर्शन 04 प्रवेश द्वार से भक्तों को मिलेंगे बाबा विश्वनाथ के झांकी दर्शन आज शिव की नगरी शिवभक्तों से बम–बम रहेगी। बाबा विश्वनाथ के धाम में भक्तों के दर्शन का नया रिकॉर्ड बनेगा। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के भीड़ प्रबंधन के लिए धाम के चौक क्षेत्र में श्रद्धालुओं की कतार लगाई गई है। गोदौलिया से मैदागिन तक जगह–जगह स्टील की बैरिकेडिंग की गई है और बांस–बल्लियों को भी



गलियों के मुहाने पर लगाया गया। शिवगण लगाएंगे जी–20 के राष्ट्राध्यक्ष का मास्क शिव बरात में जी–20 के राष्ट्राध्यक्ष का मास्क लगाकर और झंडा लेकर शिवगण शामिल रहेंगे। 15 फीट लंबा और आठ फीट ऊंचा जी–20 का प्रतीक चिह्न भी बरात के साथ ही चलेगा। ये पहला मौका होगा जब शिव बरात के 41वें साल में प्रतीक शिवलिंग के स्थान पर पंचबदन शिव प्रतिमा को शामिल किया जाएगा।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

गोरखपुर ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : आज 'महाशिवरात्रि' के पावन अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर, महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने श्री गोरखनाथ मंदिर में विधि–विधान से रुद्राभिषेक एवं हवन किया। महाराज



जी ने देवाधिदेव महादेव से संपूर्ण जगत के कल्याण की कामना की। गोरखपुर के आसपास शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही जगह–जगह मंदिर में श्रद्धालुओं पुरुष महिलाओं बच्चों ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया तो था मेले में जमकर खरीदारी की और मेले में व्यंजनों का स्वाद चखा गोरखपुर परिक्षेत्र में मानसरोवर मंदिर गोरखनाथ मंदिर रुद्रपुर मझौली राज डोहरिया शिव मंदिर राजघाट स्थित शिव मंदिर के अलावा जगह–जगह पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

## विश्वविद्यालय की स्थापना में वीर बहादुर सिंह का बड़ा योगदान –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह की जयंती मनाई गई. कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया. कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने इस अवसर पर मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की स्थापना में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीर बहादुर सिंह जी का विशेष योगदान रहा. जिसे इस क्षेत्र के लोग कभी भुला नहीं पाएंगे. उनके प्रयास से जौनपुर के इस क्षेत्र में स्थापित ज्ञान का यह केंद्र अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वीर बहादुर सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के कई बड़े काम हुए. इसी दौरान पूर्वांचल वासियों को इस विश्वविद्यालय की सौगात मिली. इस विश्वविद्यालय ने एक लम्बा सफर तय किया है.आज के दिन हम सब उन्हें नमन करते करते



है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़े और विश्वविद्यालय का नाम ऊँचा करें। धन्यवाद ज्ञापन रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विनय वर्मा एवं संचालन डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने किया।इस अवसर पर डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ दीपक मौर्य, डॉ दिनेश वर्मा, सत्यम उपाध्याय, डॉ लक्ष्मी मौर्य समेत शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सपा से निकाले जाने पर रोली तिवारी मिश्र ने अखिलेश यादव पर किया पलटवार

लखनऊ ब्यूरो : सपा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह एवं पूर्व प्रवक्ता रोली तिवारी मिश्रा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। दोनों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। इस पर रोली तिवारी मिश्रा ने ट्वीट कर प्रतिक्रिया दी है और अखिलेश यादव पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट किया कि 6 वर्षों की निष्ठा के इस पुरस्कार के लिए आभार आदरणीय अखिलेश यादव जी। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रद्रोहियों, सनातन धर्मद्रोहियों, रामद्रोहियों के खिलाफ आवाज उठाती थी उठाती रहूंगी। सनातन धर्म के स्वाभिमान प्रभु श्रीराम, श्रीरामचरितमानस के सम्मान के लिए ऐसे हजारों निष्कासन स्वीकार मुझे स्वीकार हैं। ऋचा सिंह ने प्रयागराज पश्चिम विधानसभा से 2017 और 2022 का विधान सभा चुनाव लड़ा था। हार के बाद वह लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रही थीं। इसी तरह पूर्व प्रवक्ता व आगरा दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी रहीं डॉ. रोली तिवारी



मिश्रा ने स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान आने के बाद निरंतर बयानबाजी कर रही थीं। पिछले दिनों उन्होंने एक ट्वीट में लिखा था कि स्वामी के साथ अखिलेश हैं। मेरे पास बांके बिहारी हैं। अब देखना यह है कि कौन सा अहीर का छोरा किस पर भारी है। इस ट्वीट के बाद महिला सभा की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई थी।

## महाशिवरात्रि पर पृथ्वीनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन किया। भोर से ही आसपास तथा दूर दराज के श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना शुरू हो गया था। पांडव काल के दौरान पृथ्वीनाथ मंदिर निर्माण एवं भव्य शिवलिंग की स्थापना यहां भीम द्वारा की गई थी। शनिवार



को महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल मेले का आयोजन हुआ वही बड़ी संख्या में महिला पुरुष शिव भक्तों ने मंदिर का गर्भ गृह खुलते ही बारी बारी से भव्य शिव लाट पर बेलपत्र भांग गन्ना बेर धतूर दूध के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान गर्भ ग्रह सहित मंदिर परिसर हर हर महादेव गुंजायमान रहा। यहां आसपास सहित निकटवर्ती जिला बहराइच श्रावस्ती बलरामपुर आदि स्थानों के शिवभक्त विभिन्न साधनों से यहां पहुंचे। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक रुद्राभिषेक करने से शिव भक्तों की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी पीएसी के अतिरिक्त स्थानीय थाना एवं मुख्यालय से आए पुलिस बल के साथ मंदिर गर्भ ग्रह सहित मेला क्षेत्र में सक्रिय रहे। मंदिर पहुंचने वाले रास्तों पर दो तथा चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए बैरियर पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रातः से शुरू हुआ जलाभिषेक एवं मेला देर शाम तक चलता रहा।

## अखिल भारतीय हिंदू गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद शर्मा पुलिस अभिरक्षा में नजरबंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर क्षेत्र के औंका गांव निवासी अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद शर्मा को शनिवार बारह बजे उनके आवास स्थित ग्राम औंका पर सुरक्षित लाया गया! उन्होंने बताया कि उन्हें शुक्रवार को सुबह छ बजे पुलिस ने घर से हिरासत में ले लिया था। प्रकरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी सचिव अशोक द्विवेदी के पहल पर उन्हें निज आवास पर नजरबंद किया गया है। उनकी सुरक्षा में एक पुलिस उपनिरीक्षक तथा चार सिपाहियों की तैनाती की गई है। उनके घर आने की सूचना पर हिंदू संगठनों के रामसहाय पांडे , सत्यम सिंह, सत्या शुक्ला, राम कृष्ण सिंह , पंकज सिंह विवेक सिंह आदि लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। हालांकि उनकी मोबाइल आज भी पुलिस के पास है उन्हें किसी से बात नहीं करने दिया जा रहा है । गौरतलब है कि 12 फरवरी को ग्राम मुरादपुर निवासी दिनेश मौर्या के घर ढाई सौ से अधिक हिंदुओं के धर्मांतरण कराने की सूचना पर मौके पर अपने समर्थकों सहित प्रमोद शर्मा ने पहुँच कर धर्मांतरण का विरोध किया। उनकी सूचना पर पहुंची थाना बदलापुर पुलिस ने मौके से पचीस से अधिक लोगों को हिरासत में लेते हुए कोतवाली लाई। धर्मांतरण कराने के आरोप में उसी दिन नौ नामजद तथा 10 से अधिक अज्ञात लोगों पर एफ आई आर दर्ज किया गया था। इधर अखिल भारतीय हिंदू गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने गुरुवार को बदलापुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष पांडे को पत्रक देते हुए यह चेताया था कि कि धर्मांतरण के मुख्य आरोपी सेंट थॉमस की गिरफ्तारी यदि तत्काल नहीं की जा रही है तो संगठन के साथ अट्ठारह फरवरी को हजरतगंज विधानसभा के मुख्य गेट के सामने लखनऊ में आमरण अनशन करेंगे। प्रमोद शर्मा ने प्रशासन को यह भी जताया कि जरूरत पड़ी तो हम विधानसभा के सामने आत्मदाह भी कर लेंगे। इस बात से घबराए पुलिस विभाग के आला अफसरों की घिग्घी बंध गयी! कोई अप्रत्याशित घटना न घट जाए इस बात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने पुलिस की कई टीमें प्रमोद शर्मा को सुरक्षित पकड़ने के लिए लगा दिया। परिणाम स्वरूप शुक्रवार को अलसुबह पुलिस की एक टीम ने प्रमोद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही हिंदू संगठनों में उबाल आ गया। उनकी रिहाई तथा सेंट थॉमस जोशी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोग सुबह कोतवाली परिसर में जमा हो गए थे। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने किसी तरह आक्रोशित हिंदू संगठनों को शांत कराया। उन्होंने बताया था कि प्रमोद शर्मा पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित हैं।

## कुंडली की तरह अनुवांशिकी बीमारी वाले जींस का भी होगा मिलान –प्रो.प्रदीप कुमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का चेन्नई के गुरुनानक ऑटोनोमस कॉलेज में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत जेनेटिक पॉली मोर्फिसम विषय पर शुक्रवार को वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा तीव्र गति से बदल रही है और इन परिवर्तनों का स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के तरीके पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। टेलीमेडिसिन से लेकर वैयक्तिकृत चिकित्सा तक, स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ये परिवर्तन मरीज में सुधार करने, उपचार को अधिक प्रभावी बनाने और अंततः जीवन बचाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैयक्तिकृत चिकित्सा स्वास्थ्य का भविष्य है। कोविड –19 के संक्रमण ने ये साबित किया है कि आपकी अनुवांशिकी आपको किसी बीमारी के होने वाले खतरे और मृत्यु दर को कम या ज्यादा कर सकती है। यह भी पता चला कि रोग की गंभीरता एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर कैसे जेनेटिक सरंचना द्वारा प्रभावित होती है। एक ही दवा हर मरीज के लिए एक ही प्रकार से कारगर नही हो पाती है । यह उसके अनुवांशिक सरंचना पर निर्भर करता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा 2015 में परसनलाइज्ड मेडिसिन इनीशियेटिव शुरू किया था। विश्व भर में एकीकृत या व्यक्तिकृत चिकित्सा पर कार्य हो रहे है। जिस प्रकार शादी से पूर्व कुंडलियों का मिलान किया जाता है। ठीक उसी प्रकार से आने वाले समय में आपके सारे अनुवांशिकी बीमारी




वाले जींस का मिलान किया जाने लगेगा। इससे विवाह पश्चात होने वाले बच्चे को होने वाले संभावित जेनेटिक रोगों से ग्रसित होने के बारे में बता कर सचेत किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के दौरान रक्त समूह और वैक्सीन हेसिटेंसी पर उनके द्वारा किये गए कार्य व ग्लूकोज 6 डिहाइड्रोजनेस डेफिसिएंसी और किसी व्यक्ति में किसी जीन में सिंगल न्यूक्लियोटाइड पॉली मोर्फिसम् होने से कैसे उस व्यक्ति में कई रोगों का जोखिम एक साथ बढ़ जाता है रोगी की आनुवंशिक जानकारी के उपयोग ने वैयक्तिकृत चिकित्सा– फार्माको जेनोमिक्स के कुछ पहलुओं में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। इसका मुख्य लक्ष्य सही रोगी को सही समय और खुराक पर सही उपचार प्रदान करना है,जो कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने और स्वास्थ्य देखभाल की लागत को कम करने में मदद करने की क्षमता है। इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज प्रिंसिपल एमजी रघुनाथन, संकायाध्यक्ष डॉ नूरजहाँ, डॉ समुएल माथिमारं, डॉ सावित्री, डॉ सागरिका समेत सभी शिक्षक सभी छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा भंडारे का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। महाशिवरात्रि के मौके पर श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पृथ्वीनाथ मंदिर आने वाले शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन श्री सत्य साईं इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामदेव तिवारी एवं प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी ने किया। इस मौके पर संगठन के कार्यकर्ताओं तथा विद्यालय के स्टॉप द्वारा मानव सेवा माधव सेवा के तहत शिव भक्तों की सेवा में महती भूमिका अदा की।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

भगवान उसकी मदद करते हैं जो खुद अपनी मदद करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# महाशिवरात्रि

आज शिवरात्रि है। मान्यता है कि,विनाश के अधिष्ठाता रुद्र ने आज की तिथि से शिव को एक अर्थ प्रदान करने के उद्देश्य से नये रूप को धारित किया था।आज की तिथि को रुद्र से शिव हुए फक्कड़ी जीवन जीने वाले ने पारिवारिक और सामाजिक जीवन जीने के संकल्प को मूर्तरूप प्रदान किया था।

यह सच है कि रुद्र तो शिव उसी क्षण हो चुके थे,जिस क्षण उन्होंने विषपान का निर्णय लिया था।एक विनाशक जब रक्षा का संकल्प लेता है और इस संकल्प को मूर्तरूप देता है तब रुद्र नहीं शिव हो ही जाता है, परन्तु शिव होना ही जीवन के औचित्य को नहीं समझा पाता है। जीवन तो सब के साथ मिलकर जीने में सार्थकता को रेखांकित करता है।

मित्रों जीवन की सार्थकता विनाशक होने में नहीं,शिव होने में भी नहीं, अपितु पारिवारिक और सामाजिक होने में है। भवानी शंकर होने में है। जीवन के लालित्य को एकाकी नहीं समझा जा सकता है। इसके लिए एक साथी की आवश्यकता होती है,एक परिवार की आवश्यकता होती है, एक समाज की आवश्यकता होती है। अनभिव्यक्त के अभिव्यक्त होने की आवश्यकता होती है।

शिवरात्रि का महापर्व उक्त सभी आवश्यकताओं को एक सुखद अर्थ प्रदान करता है। शिवरात्रि का महापर्व यह भी उद्घाटित करता है कि जीवन के अन्य अनेक उद्देश्यों में सृजन को सम्मान देना भी है,सृजन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने की प्रक्रिया में सहयोगी की भूमिका निभाना भी है,जिसे अपनाकर के ही रुद्र, शिव और शिव से भवानी शंकर हो सकते हैं।

हम जीवन के मूल्यों को समझें कि,जीवन से पलायन की सोच और साधना किसी भी रूप में हमारी सहयोगी सोच और साधना नहीं हो सकती है। इसका कारण यह है कि जीवन प्रक्रिया निरन्तर प्रवाहमान प्रक्रिया है,इसे किसी भी साधना से न तो रोका जा सकता है न ही वैयक्तिक रूप से कोई इस प्रक्रिया से बाहर हो सकता है।सुख और दुःख दोनों स्थितियां, जीवन प्रक्रिया में मिलने वाले मोड़ हैं,जिनसे होते हुए ही आगे बढ़ना होता है,यही तो श्रीकृष्ण जी ने श्रीमद्भगवद्गीता में कहा है –

**सुख–दुःखे समेकृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ,**
**ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि।**

ऐसी कोई साधना नहीं है ऐसा कोई उपाय नहीं है जो जीवन पथ से सुखों और दुःखों को समाप्त कर सके, क्योंकि इन दोनों को जीवन प्रक्रिया के अलग किया ही नहीं जा सकता है। ऐसी स्थिति में हम सुख–दुःखमय जीवन पथ के यशस्वी और आनन्दानुभव करने वाले पथिक बनें,यही कामना भवानी शंकर के चरणों में निवेदित है।

**–शिवशंकर द्विवेदी सम्पादक**

## आजम खान के करीबी फसाहत अली खान को मिली जमानत निरस्त

प्रयागराज ब्यूरो : यतीमखाना ढहाए जाने के प्रकरण में हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री आजम खां के करीबी फसाहत अली खान उर्फ सानू को विशेष अदालत रामपुर से 29 जुलाई 2020 को मिली जमानत निरस्त कर दी है। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने अभियुक्त पर लगे अपराधों की गंभीरता व इनके 21



मामलों के आपराधिक इतिहास को नजर अंदाज करते हुए जमानत पर रिहाई का आदेश दिया था। कोर्ट ने अभियुक्त फसाहत अली खान को तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। यह भी कहा है कि यदि वह जमानत अर्जी दाखिल करते हैं तो उसकी गिरफ्तारी या समर्पण के बाद नियमानुसार आदेश पारित किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। सराय गेट रामपुर में स्थित यतीमखाने में शिकायतकर्ता परिवार सहित किरायेदार है। कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 15 अक्तूबर 2016 की शाम साढ़े चार बजे आले हसन, फसाहत अली खान, ठेकेदार इस्लाम सहित 20 से 30 लोग आए और शिकायतकर्ता को घर खाली करने की धमकी दी। कहा यतीमखाने पर कैबिनेट मंत्री आजम खां स्कूल का निर्माण करेंगे। विरोध करने पर उन्हें जबरन घर से बाहर कर 20 हजार नकद व सोने चांदी के जेवर व दो भैंसें लूट लीं। दोनों भैंसें आजम खां की गोशाला में बंधी हैं। पुलिस ने अभियुक्तों से गहने बरामद किए। उन्होंने विवेचना के दौरान अपराध स्वीकार भी किया। कोर्ट ने कहा सानू पर 21 आपराधिक केस दर्ज हैं। पावर के नशे में यतीमखाना ढहा दिया गया। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। विशेष अदालत एमपीएमएल, रामपुर ने जमानत मंजूर की थी। जिसे निरस्त करने की मांग में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अर्जी दी थी।

## मार्ग दुर्घटना में दूल्हा सहित पांच लोगों की मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पचदेवरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को हुए सड़क हादसे में दूल्हा समेत पांच लोगों की मौत हो गई। डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि अनियंत्रित होकर बोलेरो ट्रैक्टर से टकराई थी, जिसके बाद यह हादसा हो गया। हरपालपुर क्षेत्र के कुड़हा गांव के देवेश पुत्र ओमवीर की शुक्रवार को शादी थी। कई वाहनों में सवार होकर बराती शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र के अभायन गांव जा रहे थे। इन गाड़ियों में शामिल एक तेज रफ्तार बोलेरो ने पचदेवरा क्षेत्र के दरियाबाद गांव के पास गन्ने से भरी ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर बोलेरो बरवन रजबहा में जा गिरी। बोलेरो के अंदर आठ बराती मौजूद थे। जिनमें 12 वर्षीय रुद्र व दूल्हा देवेश के बहनोई बिपनेश निवासी जलालपुर पनबारा जनपद कन्नौज की मौके पर मौत हो गई। वहीं इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय दूल्हा देवेश (20), पिता ओमबीर, ड्राइवर सुमित सिंह की मौत हो गई। जबकि बोलेरो सवार अंकित, राजेश, जगतपाल को उनके परिजन इलाज के लिए फर्रुखाबाद लेकर चले गए। तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ शाहाबाद हेमंत उपाध्याय व पचदेवरा इंस्पेक्टर गंगाप्रसाद यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राजेश द्विवेदी ने बताया कि सड़क हादसे में दूल्हे समेत पांच लोगों की मौत हुई है। घटना की जानकारी की जा रही है। तहरीर मिलने पर अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन घरों से चोरों ने उड़ाई लाखों की नकदी और जेवरात : फिल्मी अंदाज में हुई चोरी की जांच जारी

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में अहरौला थाना क्षेत्र के बहेरा गांव स्थित तीन घरों से शुक्रवार की रात चोरों ने लाखों की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवारों की सूचना पर सीओ बूढ़नपुर के साथ ही अहरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया। घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है। अहरौला थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एक के बाद एक चोरी की घटनाएं हो रही हैं और पुलिस महकमा मूकदर्शक बना हुआ है। शुक्रवार की रात चोरों ने सबसे पहले गांव निवासी रमेश सिंह के घर में दस्तक दी। बंद ताले को काट कर चोर अंदर घुसे और फिर उन कमरों की कुंडी बाहर से लगा दिया जिसमें परिजन सो रहे थे। इसके बाद दो कमरों में रखे आलमारी व बक्सा आदि तोड़ कर 1.60 लाख रुपये नकद व आठ लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए। इसके बाद चोरों ने गांव के ही अजय सिंह के घर से डेढ़ लाख के जेवरात व 20 हजार नकदी को पार किया। इतने के बाद चोर गांव के ही एलपी सिंह के घर में घुसे जहां से उनके हाथ



सिर्फ एक बक्सा लगा। जिसमें चांदी के कुछ जेवरात थे। जिसे लेकर वे फरार हो गए। सुबह होने पर पीड़ित परिवारों को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित परिवारों की सूचना पर अहरौला थाना पुलिस के साथ ही सीओ बूढ़नपुर महेंद्र शुक्ला भी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल किया। चोरों की तलाश में पुलिस की टीम लगा दी गई है। वहीं एक ही रात तीन घरों में चोरी से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है।

## बारातियों से भरी पिकअप पलटी : दो की मौत : कई बाराती घायल

सोनभद्र ब्यूरो : सदर कोतवाली क्षेत्र के कुसी डौर गांव के समीप शुक्रवार को बरात में शामिल पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार दो बारातियों की मौत हो गई। दो अन्य बारातियों को गंभीर चोट आई। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को वाराणसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उधर, हादसे के बाद खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया। सादगी के साथ शादी की रस्में पूरी कराई गईं। कुसी डौर गांव निवासी भरत लाल की बेटी की शादी के लिए शुक्रवार को वाराणसी के कपसेठी थाना अंतर्गत सिखड़ी नंदापुर गांव से बरात आई थी। दूल्हा समेत अधिकांश बराती पहुंच गए थे। कुछ बराती सामान लाने के लिए पिकअप लेकर जा रहे थे। गांव से कुछ पहले ही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार राजातालाब के मेंहदीगंज निवासी शशि शर्मा पुत्र तौकल शर्मा (35) की मौके पर मौत हो गई। कपसेठी के पुरंदह निवासी विनय राजभर (40), अरुण (19) और अजीत (20) को गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने विनय को मृत घोषित कर दिया। अरूण की हालत गंभीर होने पर उसे




वाराणसी रेफर कर दिया गया। सदर कोतवाल बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि घटना की सूचना घरवालों को दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखा गया है। घटना की छानबीन की जा रही है। उधर, हादसे के बाद शादी समारोह में खुशी का माहौल गम में बदल गया। बेहद सादगी के साथ शादी की रस्में निभाई गई। शाम को बरात को विदा किया गया। भरतलाल के मुताबिक बरात में शामिल पिकअप सामान लाने आ रही थी। रास्ते में ही हादसा हो गया। मृतकों में दुल्हे के परिवार का कोई करीबी सदस्य नहीं था।

## बोलेरो की चपेट में आकर ट्रक चालक की मौत : सैनिक ढाबा के पास हुआ हादसा

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में गंभीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैनिक ढाबा के पास बोलेरो की चपेट में आकर ट्रक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीरपुर के रानीपुर रजमो गांव निवासी उमेश चंद्र यादव (35) ट्रक चालक है। शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे वह सैनिक ढाबा के पास अपनी ट्रक खड़ी कर उतर रहा था। इसी दौरान वाराणसी की तरफ से आ रही बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में उमेश गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। वह चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था और ट्रक चला कर परिवार का भरण पोषण करता था।

## स्वास्थ्य विभाग को मिली इंसेफेलाइटिस की नई स्वदेशी वैक्सीन

गोरखपुर ब्यूरो : पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए नई वैक्सीन लांच की गई है। नई वैक्सीन जीव (जेईईवी) ही बच्चों को लगेगी। इस वैक्सीन की दो डोज बच्चों को लगाई जाएगी। पहली डोज नौ माह के बच्चों को लगेगी। जबकि, दूसरी डोज 16 से 24वें महीने के बीच लगेगी। यह पूरी तरह से स्वदेशी वैक्सीन है। बताया जा रहा है कि यह वैक्सीन बायोलॉजिकल ई लिमिटेड कंपनी ने बनाया है। वैक्सीन की पहली खेप जिले में शासन ने भेज दी है, जो सोमवार से लगनी शुरू हो जाएगी। इससे पहले भारत बायोटेक की स्वदेशी वैक्सीन जेनवैक बच्चों को लगाई जाती थी। स्वास्थ्य विभाग ने गोरखपुर में वैक्सीन की पहली खेप भेज दी है। पहली खेप में 576 वायल भेजे गए हैं। हर वायल में पांच बच्चों के लिए डोज रहेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नंदलाल



कुशवाहा ने बताया कि इंसेफेलाइटिस की नई वैक्सीन आ गई है। इसे टीकाकरण केंद्रों पर शनिवार से भेजा जाएगा।

## सुल्तानपुर आज शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के शिवालयों में जुटी भीड़

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के वलीपुर कस्बे में बाबा जंगलीनाथन धाम पर सुबह होते ही जलाभिषेक करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा । शांति ब्यवस्था रखने के लिए मंदिर परिसर व आस पास की निगरानी ड्रोन कैमरे द्वारा की जा रही थी ।अति संवेदन शील क्षेत्र होने के नाते पुलिस एवं प्रसासन ब्यवस्था में लगा रहा । क्षेत्र के . इसौली कस्बा में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो रही है। पुजारी प्रह्लाद मिश्र ने बताया कि आज आज शाम 4:00 बजे शिव बारात गांव के गोमती नदी के तट पर स्थित घंटेश्वर मंदिर से महामंडलेश्वर मंदिर रामलीला मैदान से इसौली गोमती नदी पुल से होकर शिवा शिवा लयों तक बारात जाएगी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एसडी एम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सीओ रमेश कुमार बल्दीराय थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज पारा मय फोर्स के साथ क्षेत्र में डटे रहे बल्दीराय थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि समेत आगामी पर्वों को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है।बल्दीराय थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आज शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर बल्दीराय थाना क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में कार्यक्रमों





का आयोजन होगा। भीड़भाड़ वाले इलाकों और मंदिरों के आस–पास सुरक्षा बंदोबस्त किया गया है सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद।

## शादी समारोह से लौट रहे मामा–भांजे की सड़क हादसे में मौत : परिजनों में कोहराम

चंदौली ब्यूरो : सदर कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर में आने से बाइक सवार मामा–भांजे की मौत हो गई ।लोगों जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई। अलीनगर थाना क्षेत्र के बसंतु की मडई गांव निवासी बाबू लाल यादव (40) और सकलडीहा थाना क्षेत्र के महगांव निवासी मनोज यादव (38 )निमंत्रण के लिए बिहार गए थे। बिहार से निमंत्रण करने के बाद घर लौटते समय सदर कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव के समीप शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे नेशनल हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को इलाज के लिए मुख्यालय से पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल में भर्ती कराने की तैयारी कर रही थी कि इसी दौरान दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों युवकों के पास से मिले कागजात पर इसकी सूचना पुलिस ने परिजनों को



दी ।इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। वहीं पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर आगे कार्रवाई में जुट गई। वही जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजनों ने बताया कि युवक रिश्ते में मामा और भांजे लगते थे। नवीन मंडी चौकी प्रभारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है और इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है।

## अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद हुई जच्चा की मौत

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : धरती के भगवान कहे जाने वाले लापरवाह चिकित्सकों व फर्जी नर्सिंगहोम संचालकों पर सीएम सिटी में कार्यवाही न होने से एक तरफ जहां तीमारदारों को खूब ठगा जा रहा है,वहीं दूसरी तरफ उनके लापरवाही से कई मरीज असमय ही काल के गाल ने समा जा रहे हैं ।उरूवा कस्बे के गोला रोड पर स्थित केबी मेमोरियल हॉस्पिटल पर दिन शनिवार को 1 लगभग बजे 23 वर्षीय प्रसूता का सिजेरियन ऑपरेशन के मौत के बाद सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने चिकित्सकों की लापरवाही से मौत के बाद लगभग 5 घण्टे तक जमकर बवाल काटा ।स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मृतक प्रसूता का शव बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे ।पुलिस ने भीड़ को तीतर बितर करने के लिए लाठी चार्ज किया जिससे भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसार उरूवा क्षेत्र के चचाईराम निवासी किसमती देवी ने बताया कि उनकी बहू पूजा(23) आठ माह से ऊपर का गर्भ था ।प्रसव पीड़ा होने पर बीते शनिवार को वह उरूवा स्थित केबी मेमोरियल हॉस्पिटल लेकर आई ।जांच उपरांत तैनात महिला चिकित्सक चिकित्सक तुरन्त ऑपरेशन की बात कहते हुए 50 हजार रुपये जमा करा लिया ।किसमती ने कर्ज लेकर किसी तरह से 50 हजार रुपये जमा भी कर दिया ।ऑपरेशन के बाद लड़की पैदा हुई ।लेकिन उसके बाद से ही पुजा की हालत बिगड़ती चली गयी ।लेकिन हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने रेफर नही किया लापरवाही के चलते पूजा की हॉस्पिटल में ही मौत हो गयी।

**पहले भी नर्सिंगहोम पर लग चुका है आरोप**

ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे हंगामे के बीच उरूवा क्षेत्र ग्रामसभा






सुल्तानी निवासी देवेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंच कर जोर–शोर से हॉस्पिटल के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करने लगा ।पूछने पर उसने बताया कि दस दिन पूर्व यहीं के चिकित्सकों ने मेरी पत्नी रीना(25) का ऑपरेशन किया था ।हॉस्पिटल के कर्मचारियों की लापरवाही से मेरे नवजात शिशु की मौत हो गयी ।और मुझसे जबरिया 42 हजार रुपये भी ऐंठ लिए गए। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी उरूवा डॉ जेपी तिवारी ने बताया कि हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है ।पहले भी उक्त अवैध हॉस्पिटल के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी। जबकि थानाध्यक्ष उरूवा सुनील कुमार निषाद ने बताया कि पुलिस ने कुछ कर्मचारियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही कर रही है। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर भेजा जा रहा है।

# मां शारदा शक्तिपीठ मैहर मंदिर जौनपुर प्रांगण में फूलों से सजाया गया शिव मंदिर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक शहर जौनपुर में आस्था एवं मोक्ष का अनुपम तीर्थ कहे जाने वाली श्री मां शारदा शक्तिपीठ मैहर मंदिर जौनपुर प्रांगण में अति प्राचीन शिव मंदिर फूलों से सजाया गया। प्रातः काल से महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा ओम नमः शिवाय का जाप करते दर्शन पूजन किया। महाशिवरात्रि पर रात्रि तक मंदिर बंद होने से पहले भक्तों का आना जान लगा रहा। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध एवं जल से अभिषेक किया जिसमें माला फूल धतूरा चंदन भांग भस्म शहद एवं भगवान को चढ़ने वाली वस्तुओं को अर्पण किया। भगवान के प्रति भक्ति का प्रभाव मंदिर परिसर में दिखाई दिया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी सत्यप्रकाश गुप्त (एडवोकेट हाई कोर्ट मुंबई) द्वारा आगामी होने वाली वार्षिक उत्सव के बारे में बताया गया । उन्होंने कहा 3 और 4 मार्च को श्री मां शारदा का भव्य श्रृंगार महोत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति मनाया जाएगा मंदिर में आए सभी भक्तों से अपील की की 3 और 4 मार्च माता के श्रृंगार महोत्सव में आए । 3 मार्च के



दिन प्रातः काल से श्रृंगार एवं श्री रामचरितमानस का संगीत में अखंड पाठ प्रारंभ होगा। 4 मार्च को अध्यात्मिक भजन गायन देवताओं की झांकी नित्य एवं भव्य विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मां शारदा सिंगार महोत्सव में आप सभी जनपद वासी सादर आमंत्रित हैं । इस अवसर पर प्रबंधन के रूप में रोहित जायसवाल, विजय जायसवाल, रविकांत जायसवाल उपस्थित रहे।

# कूट रचित ढंग से जमीन का मुयादा कराने के आरोप में 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यायालय न्यू कोर्ट तृतीय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम मछली गांव निवासिनी रुचि पांडे पत्नी अशोक पांडे के आवेदन पर 6 नामजद सहित एक अज्ञात व्यक्ति पर कूट रचित तरीके से जमीन का मुआयदा करा लेने के आरोप में केस पंजीकृत किया है। घटना वर्ष 2021 में 11 दिसंबर की है। रुचि पांडे ने आरोप लगाया है कि उनके गांव के रमेश कुमार यादव दिनेश कुमार यादव पुत्र रजमल यादव, उमेश चंद्र शुक्ला पुत्र मुंशीलाल शुक्ल, शिवम शुक्ला पुत्र उमेश चंद्र शुक्ला, अजय शुक्ला उर्फ नन्हे शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ल, वीरेंद्र कुमार पांडे पुत्र पारसनाथ पांडे निवासी चारों थाना महाराजगंज ने सुबह 6 बजे उन्हें उनके मायके एक बोलेरो से पहुंचा दिए! पहुंचाने के बाद उनके पति अशोक पांडे से नशे की हालत में तहसील बदलापुर में कूट रचित योजना के तहत धोखाधड़ी करके उनके नाम की जमीन मोआइदा करा लिये! लोगों ने विलेख पर 19 लाख रुपए फर्जी देने की बात लिख दिया। मोआइदा कराने के बाद उक्त लोग पति अशोक पाण्डेय को उनके मायके ले जाकर छोड़ दिए। जब पत्नी रुचि पांडे ने नशे की हालत में उन्हें देखा तो वह परेशान हो उठी। स्थिति सामान्य होने पर अशोक पांडे ने अपनी पत्नी से सारी वारदात बताई। पत्नी रुचि पांडे ने जब लोगों से इस घटना के बारे में जानकारी चाही तो लोगों ने उन्हें भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए धमकाया कि कहीं मुंह खोलोगी तो तुम्हें सहित तुम्हारे दोनों बच्चों को जान से मार डालेंगे। पीड़िता रुचि पांडे ने इस संबंध में थाना बदलापुर में मुकदमा कराना चाहा तो मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। थक हार कर उन्होंने अदालत की शरण लिया अदालत के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कर लिया गया है! प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडे ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर केस पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## गैस की गाड़ी में आग लगने से बड़ी घटना होते होते बचा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली अंतर्गत सीएनजी गैस की गाड़ी मुफ्तीगंज बाजार में पहुची तो आग लगने से बड़ी घटना होने से टल गया । केराकत जौनपुर मार्ग पर केराकत के तरफ से सीएनजी गैस का सिलेन्डर डीसीएम लेकर जौनपुर के तरफ जा रही थी मुफ्तीगंज बाजार में पहुंची तभी उसके पिछले चक्के में आग लग गयी सूचना पर मुफ्तीगंज चौकी के पुलिस मौके पर पहुंच कर आक्सीजन से आग को बुझाना चाहा लेकिन जब आग पर काबू नहीं हो पाया तो सर्विसिंग के दुकान पर लेजाकर बुताया गया आग लगने का कारण उस गाड़ी का ब्रेक सु जाम हो गया था ड्राइबर समझ नहीं पाया ब्रेग के रगड़ से टायर में आग लगी थी लेकिन पुलिस और बाजार वासियों के तटपरता से बड़ी घटना होने से बच गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज मुंगरा बादशाहपुर मार्ग पर शुक्रवार की देर रात बारात में आए युवक की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शशिकांत मिश्र पुत्र कृष्णानंद मिश्रा उम्र 28 वर्ष सराय ख्वाजा थाना के अंतर्गत नगहट का निवासी है अपने ननिहाल बदलापुर थाना अंतर्गत डहिया गांव में आया हुआ था उनके मामा के यहां से बारात पवारा थाना अंतर्गत सरायबिका निवासी कमलेश दुबे के यहां आई थी ।शादी सुजानगंज मुंगरा बादशाहपुर मार्ग पर स्थित एक मैरेज हाल में होना था ।रात को लगभग 10:00 बजे सड़क पार करते समय इलाहाबाद की तरफ से आ रहे किसी वाहन टक्कर मारकर भाग गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया ।परिजनों ने तत्काल बारात में आए वाहन से उसको बदलापुर ले गए बदलापुर में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया फिर भी शव को लेकर जिला चिकित्सालय पर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## आयोग बार–बार मांग रहा है मुख्य चुनाव अधिकारी के लिए नाम : कार्मिक सचिव ने खोला शासन की चुप्पी का राज

लखनऊ ब्यूरो : केंद्रीय निर्वाचन आयोग प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को बदलने के लिए पिछले एक वर्ष से तीन आईएएस अधिकारियों का पैनल मांग रहा है। मगर, शासन यह पैनल उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। आयोग ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल पैनल भेजने को कहा है। प्रदेश में मुख्य निर्वाचन अधिकारी व सचिव निर्वाचन विभाग के पद पर 2001 बैच के आईएएस अधिकारी अजय कुमार शुक्ला तैनात हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने अजय को अगस्त 2019 में तैनाती दी थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यूपी विधानसभा–2022 के चुनाव संपन्न होने के तत्काल बाद आयोग ने राज्य सरकार से नए सीईओ की नियुक्ति के लिए तीन आईएएस अधिकारियों का पैनल भेजने का आग्रह किया था। आयोग को राज्य सरकार से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद आयोग अप्रैल, अगस्त, सितंबर, अक्तूबर व नवंबर में अपने पूर्व पत्रों की याद दिलाते हुए पैनल भेजने की याद दिलाई। मगर, सरकार की ओर से कोई कार्यवाही नहीं हुई। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने अपने पत्रों पर कोई कार्यवाही न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा ने इस बार सीधे मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। आयोग की ओर से लिखा गया यह




नौवां पत्र है। उन्होंने बार–बार आग्रह के बावजूद कार्यवाही न किए जाने पर आयोग की नाराजगी का उल्लेख करते हुए तत्काल पैनल भेजवाने के लिए अपने स्तर से पहल का आग्रह किया है। जानकार बताते हैं कि आयोग नए सीईओ की नियुक्ति जल्द से जल्द करना चाहता है। इससे 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी व कार्य अनुभव के लिए नए सीईओ को पर्याप्त समय मिल सकेगा। इस समय प्रदेश में वरिष्ठ अधिकारियों की काफी कमी है। आयोग की कसौटी वाले योग्य अधिकारियों का पैनल तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। – देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक

# सुल्तानपुर के रास्ते पूर्वोत्तर राज्य को भेजी जा रही दवा की अवैध खेप बरामद

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : –सुल्तानपुर के रास्ते पूर्वोत्तर राज्य को भेजी जा रही दवा की अवैध खेप हुई बरामद। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता कुरील की बड़ी कार्रवाई। रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेलवे पुलिस के सहयोग से



सुल्तानपुर जंक्शन पर पकड़ी गई अवैध खेप। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता कुरील बोली,जांच के लिए की गई सेंपलिंग। कामाख्या समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेन से चोरी–छिपे 200 बोतल दवा भेजे जाने के प्रयास का मामला।

## रफ्तार का कहर : अज्ञात वाहन की चपेट में आने एक युवक घायल दूसरे की मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक हुए घायल ।एक घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे हुई मौत ।दूसरे की हालत गम्भीर देख डाक्टरो ने लखनऊ किया रिफर। दोनों चोटहिल हलियापुर थाना क्षेत्र के हलियापुर ग्राम पंचायत के मजरे गौहनिया निवासी। प्रदीप यादव उम्र 18 वर्ष पुत्र राजनाथ की हुई मौत ।घायल अनुज पुत्र दिनेश यादव उम्र 17वर्ष गम्भीर हालत में लखनऊ रिफर। प्रातः घर से लगभग 4किलोमीटर दूर दंडेश्वर धाम दर्शन के लिए निकले थे दोनों युवक। अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना अन्तर्गत अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलीनगर के सुबह लगभग साढ़े आठ बजे सड़क दुर्घटना में हुए थे घायल।

# किशोरी से छेड़खानी के मामले में दो खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने शौच के लिए निकली किशोरी को नशीला पदार्थ सूंघाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए और छेड़छाड़ की। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी शौच के लिए गांव से बाहर निकली थी। इस दौरान दो युवक किशोरी को नशीला पदार्थ सूंघाकर कर मोटरसाइकिल से ले जाकर छेड़खानी करने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर दोनो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। किशोरी ने आपबीती अपने परिवार के लोगों को सुनाई। लड़की के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शिवा व विपिन कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## मंदिरों में गूंजा हर–हर महादेव : भगवान शिव के दर्शन हेतु लगी लंबी कतार

जौनपुर ब्यूरो : महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव का दर्शन–पूजन करने के लिए मंदिरों में सुबह पांच बजे से ही भीड़ उमड़ने लगी। हर–हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जयकारे के साथ पहुंचे शिवभक्तों ने भगवान शिव



का विभिन्न तरह के द्रव्यों से अभिषेक किया और सुख–समृद्धि की मन्नत की। कई मंदिरों में लंबी कतार देखने को मिली। जलालपुर स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर के पट तो सुबह पांच बजे ही खोल दिए गए थे। सुबह आठ बजे जब श्रृंगार हो रहा था तो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। करीब 10 हजार सुबह 10 बजे तक दर्शन कर लिए थे। इसी तरह दियावां महादेव मंदिर, शंभूगंज के साईंनाथ मंदिर और सुजानगंज के गौरीशंकर महादेव मंदिर में काफी भीड़ देखने को मिली। जौनपुर शहर के गोमतेश्वर महादेव मंदिर और नव दुर्गा शिव मंदिर में भी लोगों ने मत्था टेका।

# मारपीट में पति–पत्नी घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के गौसपुर गांव में शुक्रवार की शाम मामुली विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पति – पत्नी को पडोसियों ने लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया भुक्तभोगी घटना की सूचना पुलिस को देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के उक्त गांव निवासी कविता (26)पत्नी विनय कुमार व विनय कुमार (28)पुत्र स्व राम भवन को पुरानी रंजिस के चलते पडोसियों ने लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया भुक्तभोगी घटना की सूचना पुलिस को देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

## शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मांगी मन्नते

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तो ने सुबह से ही शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करने के साथ ही बेल पत्र आदि श्रद्धापूर्वक चढ़ाकर मन्नते मांगी। दौलतिया के भगवान शिव के मंदिर में लोगो ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन अर्चन कर मन्नते मांगी ।श्री गिरि शिवालय चन्दौकी,रामनगर में प्रचीन शिव मंदिर पर रामचरित मानस पाठ की पूर्णाहुति कर महा शिवरात्रि के पर्व पर शिव विवाह के उपलक्ष्य में शिव मंदिर पर बृहद मेले का आयोजन किया गया । क्षेत्र के प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित हनुमंत धाम में भी आज सुबह से ही बने शिवलिंग पर लोगो ने जलाभिषेक के साथ ही बेल पत्र आदि चढ़ाकर भक्त अपनी मनौतियां मांगी। इस दौरान यहां पर भी सुबह से ही भक्तो की अत्यधिक संख्या देखी गई। भक्त यहां सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन पूजन अर्चन के लिए पहुंचते रहे।

# करोड़ों के छात्रवृत्ति घोटाले में हाइजिया इंस्टीट्यूट के संचालकों से पूछताछ : बयान दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : करोड़ों रुपये के छात्रवृत्ति घोटाले की जांच आयकर विभाग भी कर रहा है। इसकी जद में आए कई संस्थानों को नोटिस भेजकर तलब किया जा रहा है। आयकर विभाग की इन्वेस्टीगेशन विंग ने लखनऊ के हाइजिया इंस्टीट्यूट के संचालकों से गत दिवस पूछताछ के बाद बयान भी दर्ज किए हैं। साथ ही बैंक खाते खंगाल रहा है। आयकर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, छात्रवृत्ति घोटाले के तार देश के कई राज्यों में फैले हुए हैं। गड़बड़ी के सर्वाधिक मामले पंजाब में सामने आए हैं, जहां केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। यूपी में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने भी 22 जगहों पर छापा मारा। इस दौरान गरीब, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति–जनजाति के हजारों विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति हड़पने के प्रमाण जुटाए। सूत्रों के मुताबिक, देशभर के कई संस्थानों द्वारा घोटाला अंजाम दिए जाने की शिकायतों के बाद केंद्र सरकार ने आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय को जांच सौंपी है। प्रवर्तन निदेशालय की के बाद अब आयकर विभाग की जांच भी रफ्तार पकड़ रही है। हाइजिया की जांच में मिले पुख्ता प्रमाण आयकर विभाग के




अधिकारियों की मानें तो हरदोई–सीतापुर बाईपास रोड पर स्थित हाइजिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल्स एजूकेशन एंड रिसर्च के संचालक को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। तीन दिन तक चली पूछताछ के दौरान विस्तृत बयान दर्ज किया गया। जिन छात्रों के नाम से छात्रवृत्ति ली गई, उनके बैंक खातों की जानकारी भी जुटाई गई है। आयकर विभाग अब यह पता लगा रहा है कि घोटाले की रकम को कहां निवेश किया गया।

## पीएचडी व्यवसाय प्रबंधन में बना दिया मॉस कॉम का सहा. प्रोफेसर

प्रयागराज ब्यूरो : शुआट्स में चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए हर नियम–कायदे ताक पर रख दिए गए। जांच के दौरान कुछ ऐसे भी मामले सामने आए, जिसमें अनिवार्य योग्यता किसी अन्य विषय में होने पर भी नियुक्ति दे दी गई। वीसी आरबी लाल के रिश्तेदार इंजी. राहत खां की नियुक्ति में भी यही खेल हुआ। उन्होंने पीएचडी व्यवसाय प्रबंधन में की, जबकि उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर मॉस कम्युनिकेशन विभाग में बना दिया गया ।राहत खां वीसी आरबी लाल की पत्नी सुधा लाल की भतीजी के पति हैं। 10 अप्रैल 2007 को मॉस कम्युनिकेशन विभाग में उनकी नियुक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर की गई। शासनादेश के अनुसार, इस पद पर नियुक्ति के लिए संबंधित विषय में पीएचडी अनिवार्य अर्हता है। जबकि राहत खां ने व्यवसाय प्रबंधन में पीएचडी की थी। जानकारों का कहना है कि फिल्म व मास कम्युनिकेशन विषय में चयन किए जाने के लिए इसी विषय में पीएचडी होना अनिवार्य था, लेकिन इसके अभाव में भी उनकी नियुक्ति कर ली गई। तीन साल सात महीने में ही बना दिया एसो. प्रोफेसर इसके अलावा एक खेल उनकी प्रोन्नति में भी हुआ। जानकारों का कहना है कि एसोसिएट प्रोफेसर पद पर तैनाती के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर या समकक्ष पर पर पांच साल कार्य का अनुभव होना चाहिए। हालांकि महज तीन वर्ष सात माह के अनुभव पर उन्हें एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति दे दी गई। दरअसल एसोसिएट



प्रोफेसर पद पर नियुक्ति से पहले तक उन्होंने सितंबर 2003 से मार्च 2007 तक ही बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षण कार्य किया था। सात सालों में 41 लाख के सरकारी अनुदान का दुरुपयोग सूत्रों का कहना है कि एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के साथ ही गवर्नमेंट पे रोल पर समायोजन किया गया। इसके परिणामस्वरूप मूल वेतन के रूप में उन्हें 41.49 लाख रुपये का भुगतान किया गया। नियुक्ति अनियमित होने के चलते इस भुगतान को सरकारी अनुदान का दुरुपयोग माना गया, जिसकी रिकवरी के लिए भी शुआट्स प्रबंधन को लिखा गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा धूमधाम से निकाली गई शिव बारात व शोभायात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि के पावन पर्व पूरे जनपद में धूमधाम से शिवालयों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रुहट्टा शाखा द्वारा बहन मंजू के नेतृत्व में भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह कार्यक्रम विश्व विद्यालय परिवार द्वारा पूरे विश्व में आज के दिन एक साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव द्वारा भगवान शिव का विधिवत पूजन अर्चन कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। तदुपरांत शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।शोभायात्रा में डीजे हाथी घोड़ा रथ पर सवार भगवान शिव माता पार्वती सहित उनके परिवार की भव्य झांकी निकाली गई जो रुहट्टा से उठकर नगर की विभिन्न मार्गों से होता हुआ कुत्तूपुर चौराहे पर स्थित आश्रम पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान भारी संख्या में शिव बाबा के भक्त जयकारा लगाते रहे और भगवान शिव के विभिन्न तरीके पारंपरिक गानों पर जमकर नृत्य भी किया। शोभायात्रा में भारी संख्या में शिव बाबा के भक्त उनका जय कारा भी लगाते रहे ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नपा अध्यक्ष दिनेश टंडन पत्रकार दीपक श्रीवास्तव पत्रकार दिलीप शुक्ला ,बीजेपी महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रियंका बीके शिवांगी यादव



सोसल , ममता सिंह जिलाध्यक्ष सेवा भारती संत लाल प्रबन्धक किड्स जी स्कूल रुचि, सुनीता अनीता बहन पूनम निर्मला गुप्ता स्वेता साक्षी किरण निशा , शिला बहन रवि टंडन संतोष भाई प्रदीप भाई ओम प्रकाश रमेश जय केसरा दीदी ,आभा बहन स्वीटी बहन ,कमला भाई संजय गुप्ता पंकज जायसवाल ,श्याम मोहन अग्रवाल रितेश सूबेदार भाई ,राज कुमार सेठ ,डॉ लल्लन ,अशोक गुप्ता ,शिव बारात में किरण मिश्रा व रेणु द्वारा शिव नृत्य किया गया।

## बाइक एजेंसी संचालक को चकमा देकर 3.50 लाख लेकर जालसाज फरार

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में कैंट इलाके के काली मंदिर के पास बृहस्पतिवार को जालसाज, कार सवार बाइक एजेंसी संचालक को चकमा देकर बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 3.5 लाख रुपये नकद, लैपटॉप, पर्स व चार्जर थे। जालसाज ने कार से मोबिल गिरने की बात कहते हुए कार रुकवाई और फिर बैग उड़ा दिया। कैंट पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। सिविल लाइंस के गंगोत्री बिहार कॉलोनी निवासी मनोज मातेनहेलिया ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बृहस्पतिवार को वह बेटे सत्यम व चालक के साथ मेडिकल कॉलेज रोड स्थित एजेंसी से लौट रहे थे। काली मंदिर के पास दो बाइक सवारों ने चालक को बताया कि कार से मोबिल गिर रहा है। इस पर कार रोककर देखने गए तो ऐसा कुछ नहीं था। वापस आने पर देखा तो कार से बैग गायब था। प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय ने बताया



कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# यूपी में 60 साल में सेवानिवृत्त होंगे शिक्षामित्र : शासन ने तय की अधिकतम आयु सीमा

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के संविदा पर काम करने की अधिकतम आयु सीमा तय कर दी है। अब सामान्य शिक्षकों की तरह ही शिक्षामित्र भी अधिकतम 60 साल पर सेवानिवृत्त होंगे। हालांकि पूर्व की तरह उनका हर साल नवीनीकरण किया जाएगा। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार के अनुसार शिक्षामित्रों की संविदा आधारित सेवाएं उनकी 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के दिन को स्वतः समाप्त माने जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों के संबंध में शिक्षामित्र योजना क्रियान्वयन से संबंधित पूर्व में जारी शासनादेशों को इस सीमा तक संशोधित समझा जाए। 1.46 लाख को लाभ वर्ष 1999 में नियमित शिक्षकों की कमी को देखते हुए प्राथमिक स्कूलों में संविदा पर शिक्षामित्रों की तैनाती की गई थी। इस समय इनकी संख्या 1.46 लाख के करीब है। धीरे–धीरे इनका मानदेय बढ़ाया गया और 2014 में ट्रेनिंग आदि के माध्यम से पहले बैच के शिक्षामित्रों को समायोजित भी किया गया। हालांकि बाद में इनका समायोजन निरस्त कर दोबारा मानदेय पर ही कार्य लिया जाने लगा। शिक्षामित्रों को 11 माह का मानदेय दिया जाता है और



हर साल विभाग द्वारा नवीनीकरण किया जाता है। वर्तमान में शिक्षामित्र 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पा रहे हैं। नियमितीकरण की मांग पर 20 को सम्मेलन शिक्षामित्रों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर 20 फरवरी को लखनऊ में महासम्मेलन का निर्णय लिया है। इसमें शिक्षामित्र अपने परिजनों के साथ शामिल होंगे। सम्मेलन की सफलता के लिए वे राज्य कर्मचारी संघ से भी संपर्क बनाए हुए हैं, ताकि उनकी मांगों को मजबूती मिल सके।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : शिक्षक के बहकावे में आकर सॉल्वर बना नाबालिग : 16 हजार में तय हुआ सौदा

लखनऊ ब्यूरो : यूपी बोर्ड की परीक्षा में नौवीं का छात्र दूसरे की जगह 10वीं की परीक्षा देते पकड़े जाने के मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आ गया है। छात्र के पिता ने इसे लेकर माल थाने में तहरीर दी है। उनका आरोप है कि सॉल्वर बने छात्र को उसके शिक्षक ने बहकाया था। उस शिक्षक ने 16 हजार रुपये में दूसरे छात्र को पास कराने का ठेका लिया था और उसके स्थान पर नौवीं के छात्र को परीक्षा में बिठाया था। हालांकि, पुलिस अभी भी तहरीर मिलने से इंकार कर रही है। विकास खंड माल के बीरपुर गांव निवासी धनेश ने बताया कि उनका बेटा बरगदिया स्थित शिवाजी शिक्षा निकेतन में पढ़ता है। हालांकि , कक्षा नौ में उसका पंजीकरण मसीढ़ा स्थित नन्हें सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में है। धनेश के भाई ओमप्रकाश ने बताया कि यह बच्चा बसंतपुर गांव निवासी शिक्षक से कोचिंग भी पढ़ता है और उसी के साथ स्कूल जाता था। बृहस्पतिवार को भी पढ़ाई के लिए स्कूल जाने की बात कहकर निकला था। दोपहर में उनको पुलिस से उसके सॉल्वर के रूप में वीरांगना ऊदा देवी राजकीय इंटर कॉलेज से पकड़े जाने की सूचना मिली। बच्चे ने शुक्रवार को बाल सुधार गृह में हुई मुलाकात में बताया कि उसने शिक्षक के बहकावे में आकर परीक्षा देने की बात स्वीकारी थी। ओमप्रकाश के अनुसार इसको लेकर उन्होंने माल थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर 10वीं के छात्र और आरोपी शिक्षक से पूछताछ हुई और दोनों ने यह बात कबूल की है। इन दोनों के अनुसार पास कराने का कुल सौदा 16 हजार रुपये में तय हुआ था और 10 हजार रुपये एडवांस भुगतान भी हो चुका था। बाकी रकम अंकपत्र मिलने पर देने की बात हुई थी। शनिवार को फिर से सभी को बुलाया गया है। आठवीं का टॉपर है सॉल्वर ओमप्रकाश ने बताया कि उनका भतीजा पढ़ाई में काफी अच्छा है। कक्षा आठ में उसने टॉप किया था। विद्यालय में सिर्फ कक्षा आठ तक की मान्यता है, इसलिए कक्षा नौ में उसका नाम दूसरी जगह लिखवा दिया गया। हालांकि, पढ़ाई के लिए वह अभी भी शिवाजी शिक्षा निकेतन ही जा रहा है। पुलिस का इनकार थानाध्यक्ष माल शमीम खान ने बताया कि जो छात्र सॉल्वर के रूप में पकड़ा गया था, उसके खिलाफ तहरीर मिली थी। मुकदमा दर्ज करके उसे कारावास भेजा जा चुका है। फिलहाल, इस मामले में दूसरी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# स्वर्ण व्यापारी को नकली सोना देकर जालसाज पांच लाख लेकर फरार : तलाश में जुटी पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : शाहपुर इलाके के असुरन चौराहा स्थित नगर निगम कांप्लेक्स में बुधवार शाम स्वर्ण व्यापारी ने पांच लाख रुपये गंवा दिए। दरअसल, एक महिला और पुरुष आए और दस लाख का जेवर पांच लाख में देने की बात कही। लालच में व्यापारी ने रुपये दे दिए, इसके बाद देखा तो जेवर नकली थे। शाहपुर पुलिस, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ इलाके के विजयनगर सिंधी कॉलोनी निवासी जगदीश चंद्र की शाहपुर इलाके के असुरन चौराहा स्थित नगर निगम कांप्लेक्स में जगदीश ज्वेलरी के नाम से दुकान है। जगदीश ने बताया कि बुधवार की शाम दो महिला व दो पुरुष पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके पास सोने के गहने हैं, उसको बेचना है। स्वर्ण व्यवसायी ने पत्थर पर घिसकर सोने की गुणवत्ता जांची, जिसमें जांच में सही निकला और उसे दस लाख रुपये में खरीदने को तैयार हो गया। इसके लिए व्यापारी ने पांच लाख रुपये नकद दे दिए और पांच लाख रुपये देर शाम को देने को कहा। इसके बाद व्यापारी सोना बेचने के लिए घंटाघर पहुंचा, वहां जांच कराने पर गहने नकली निकले। नकली होने की बात सुन व्यापारी के होश उड़ गए। परेशान व्यापारी ने आरोपी महिला और पुरुष को फोन लगाया



तो स्विच ऑफ बताने लगा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शाहपुर पुलिस, जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। स्वर्ण व्यवसायी ने बताया कि महिला इसके पहले भी दो तीन बार दुकान पर सोना चांदी खरीदने के लिए आई थी। पहनावे से गुजराती लग रही थी। आशंका है नकली और असली सोने का एक ही रंग के कपड़े में दो पोटली बनाया होगा। थोड़ी देर के लिए नजर इधर–उधर होने पर नकली जेवर देकर फरार हो गई।

# फल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी : आठ किलो की मूली : छह फीट की लौकी व महोबा के पान ने लूटी महफिल

लखनऊ ब्यूरो : एक ओर फूलों से सजी विशालकाय भगवान की आकृतियों के साथ लोग तो दूसरी ओर विविध प्रकार की सब्जियों से सजा परिसर। यह नजारा था राजभवन में शुक्रवार को लगी 54वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी का। इसमें कुल 2181 प्रतिभागियों ने 16740 आविष्कारों के साथ सब्जी व फूलों के प्रदर्श लगाए। प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस मौके पर प्रदर्शनी की स्मारिका का विमोचन कर 12 प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। दर्शकों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूलों से सजा विशालकाय शिवलिंग था। साथ ही लगभग आठ किलो वजन और छह फीट लंबी मूली भी लोगों का ध्यान खींच रही थी। कम लागत में मशरूम की खेती, मोटे अनाज से बने उत्पाद, खाने–पाने के स्टाल, विभिन्न नई–पुरानी तकनीक से पौधों की खेती, हस्तशिल्प से बने घरेलू उत्पाद भी लोगों को लुभा रहे थे। बच्चों के लिए निशुल्क, आज भी खुली रहेगी यह प्रदर्शनी स्कूली बच्चों के लिए निशुल्क है। वहीं, प्रति व्यक्ति प्रवेश के लिए पांच रुपये का शुल्क है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक डॉ. आरके तोमर ने बताया कि आम जनता के लिए प्रदर्शनी शनिवार को भी सुबह आठ से रात आठ बजे तक खुली रहेगी। महोबा का पान खाइये, बीमारियां दूर भगाइए महोबा से स्टाल लगाने वाली मयंकिता चौरसिया ने बताया कि यह पान आल्हा ऊदल के समय से प्रचलित है। यह खाने में बेहद क्रिस्पी होता है। यह प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और पाचन तंत्र को मजबूत करता है। साथ ही अल्सर सहित अन्य बीमारियों से बचाता है। इसे 2021 में जीआई टैग मिला है। इसा मूल्य केवल 50 रुपया है। टीका देगा सर्वाइकल कैंसर से निजात डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि ज्यादातर महिलाएं मासिक धार्म की अनियमितता व योनि से जुड़ी समस्याओं के बारे में खुल कर नहीं बताती हैं। इससे वह गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाती है। इस समस्या को देखते हुए हमने एक साधारण से टीके का आविष्कार किया है। यह टीका 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को दो डोज में वहीं 15 वर्ष से ऊपर की किशोरियों को 3 डोज में दिया जाता है। इससे महिलाएं सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बच सकती हैं।

# लखनऊ की रिवर बैंक कॉलोनी में था यू–ट्यूब के नए सीईओ नील मोहन का घर : यहीं से की थी पढ़ाई

लखनऊ ब्यूरो : 'अ क्लासमेट फ्रॉम स्कूल इन लखनऊ इज नाऊ द सीईओ ऑफ यूट्यूब...।, गेट अ ब्लू टिक देयर देन...' शुक्रवार की सुबह 10 बजे के आसपास कुछ ऐसे ट्वीट, री–ट्वीट, लखनऊ के लोगों के ट्विटर हैंडल पर चलने शुरू हो गए थे। वजह ये कि एक समाचार ट्रेंड कर रहा था कि भारतीय मूल के अमेरिकी नील मोहन अब यू–ट्यूब के सीईओ होंगे। नील भले ही देश–दुनिया के लिए इंडो अमेरिकन हैं, पर लखनऊ के लोगों के लिए यह खबर इसलिए खास है कि एक लखनवी ने यू–ट्यूब की कमान संभाली है। दुनिया उन्हें गूगल के 100 मिलियन डॉलर मैन के नाम से भी जानती है। सुसैन वोजिस्की के इस्तीफे के बाद नील को यह कमान सौंपी गई है। सेंट फ्रांसिस स्कूल से स्टैनफोर्ड तक तय किया सफर नील मोहन ने लखनऊ के सेंट फ्रांसिस स्कूल से कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के लिए स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी चले और वहीं बस गए। कक्षा नौ में उनकी क्लास टीचर रहीं प्रो. निशी पांडेय ने क्लास ग्रुप फोटो साझा करते हुए बताया कि बैठे बच्चों के ठीक पीछे वाली पहली पंक्ति में एकदम बाएं...नील मोहन है। वह क्लास का होनहार छात्र था। इंटरनेट से पहला परिचय उसी ने करवाया एचआर कंसल्टेंट गौतम घोष कहते हैं कि 1993–94 में वो आया था, तब उसने पहली बार हम सबका परिचय इंटरनेट से करवाया। बताया कि इंटरनेट की मदद से क्या कुछ जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। जो उससे सुना था, उसे पहली बार हम लोगों



ने 1998–1999 में इस्तेमाल किया था। उसका घर रिवर बैंक कॉलोनी में था। उसकी ऊंची सोच, उसके सपनों का अंदाजा उसके कमरे की दीवार पर लिखे कैल टेक...(कैलिफोर्निया टेक यूनिवर्सिटी) शब्द से लगाया जा सकता है। हर दिल अजीज 100 मिलियन मैन को बधाई केजीएमयू के जाने–माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि सेठी कहते हैं कि हमारे अजीज मित्रों में से एक, शांत रहने वाले गूगल के 100 मिलियन मैन को बहुत बधाई। ये तो सब जानते हैं कि गूगल ने उसे 100 मिलियन डॉलर का बोनस देकर रोका था। लाइब्रेरी में ज्यादा वक्त बीतता था, स्कूल में सीखी हिंदी ऑनलाइन एजुकेशन बिजनेस से जुड़े शांतनु कुमार कहते हैं कि 1985 में हमारे स्कूल के सौ वर्ष पूरे हुए थे। 101वें वर्ष में प्रवेश के समय हम कक्षा 7 डी में थे। उस वक्त एक अंग्रेजी बोलने वाला बच्चा आया था, जिसकी विदेशी उच्चारण वाली इंग्लिश सबको आकर्षित करती थी। हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी लेकिन स्कूल में रहते हिंदी सीख ली। ज्यादातर वक्त लाइब्रेरी में जाता था। कक्षा 12 के बाद वो चला गया, फिर संपर्क नहीं हुआ। आज एलुमिनाई ग्रुप उसकी इस उपलब्धि का जश्न मना रहा है।

# हाथी के हिंसक होने का मामला : गजराज के पालक को बचाने के लिए ओढ़ ली गई खामोशी की चादर

गोरखपुर ब्यूरो : हाथी के हिंसक होने और तीन लोगों की जान लेने के मामले में वन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस और महायज्ञ के आयोजक सवालों के घेरे में हैं। चारों में से कोई भी कानूनी कार्रवाई के लिए इच्छुक क्यों नहीं है? यही नहीं, कोई यह बताने के लिए तैयार नहीं है कि हाथी का पालक कौन है? क्या हाथी को वैधानिक तरीके से पाला गया है? सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या हाथी के पालक को बचाने के लिए खामोशी की चादर ओढ़ी जा रही है? वन विभाग के डीएफओ विकास यादव का कहना है कि जब हाथी हिंसक हुआ था तो उसके महावत की मदद से उसे नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। इसका मतलब है डीएफओ मान रहे हैं कि हाथी पालतू है। हाथी किसका है यह तो महावत को भी मालूम है, फिर विभाग यह क्यों नहीं पता कर पा रहा है कि हाथी किसका है? वन विभाग बृहस्पतिवार के हादसे के संबंध में बिना शिकायत कोई कार्रवाई नहीं कर सकता, तो इस पर तो कर ही सकता है कि बिना उसके लाइसेंस दिए और पंजीकरण कराए किसी ने जंगली जानवर को न केवल पाल रखा है, बल्कि उसे सार्वजनिक समारोहों में भी शामिल कर रहा है। पुलिस कह रही है कि शिकायत मिलने पर जांच करके कार्रवाई करेगी। उधर, परिजन शिकायत करने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हादसा नहीं हुआ? क्या हाथी ने तीन लोगों को नहीं मारा है? क्या पुलिस को खुद ही संज्ञान नहीं लेना चाहिए? जाहिर है कि पुलिस को खुद संज्ञान लेकर मामले की जांच करनी चाहिए और जो भी कानून के दायरे में आए उस पर कार्रवाई करनी चाहिए। जिला प्रशासन भी खामोश है, जबकि उसके जिले में एक जानवर ने तीन लोगों की जान ले ली है। जानवर किसका है? उसे क्यों पाला गया? उसे सार्वजनिक समारोह में क्यों शामिल किया गया? यह सब जानना प्रशासन का काम है। प्रशासन की खामोशी चौंकाने वाली है और संदेह पैदा करती है। इसी तरह, महायज्ञ के आयोजकों का भी रवैया उचित नहीं लग रहा है। उन्होंने कलशयात्रा में शामिल करने के लिए हाथी किसी से तय करके ही लाया होगा? जाहिर है कि उन्हें मालूम है कि हाथी पालतू है और उसे किसने पाला है। फिर भी हाथी के पालक का नाम बताने के लिए वह तैयार नहीं हैं। हो सकता है कि उन पर किसी का दबाव हो, लेकिन संबंधित



विभागों को तो इसकी जांच करनी चाहिए। जब हाथी का महावत है तो हाथी किसी न किसी का पालतू तो है ही। यही नहीं यह कहा जा रहा है कि इसी हाथी ने साल 2020 में अपने महावत को मार डाला था। क्या इस बात से यज्ञ के आयोजन अंजान थे? यदि जानते थे तो ऐसे खतरनाक जानवर को इतने लोगों के बीच लाने का फैसला कैसे कर लिया गया? शायद सभी हाथी के पालक को जानते हैं, लेकिन उसे बचाने के लिए नाम नहीं लेना चाहते हैं। यही नहीं हाथी के पालक को बचाने में सभी खुद को भी बचा रहे हैं, क्योंकि यदि मामले की जांच होगी तो आंच सब पर आ सकती है। तब हुई होती कार्रवाई तो यह हादसा ही न होता सूत्रों के अनुसार, वन्य जीव के पंजीकरण के दौरान कई प्रमाणपत्र लगाने होते हैं, जैसे मेडिकल रिपोर्ट, जानवर की उम्र, शरीर के निशान, वजन, नाम, लिंग, आंखों का रेटीना, श्रवण शक्ति (कान की जांच) की रिपोर्ट आदि। बाद में इसी से जानवर की पहचान की जाती है। पंजीकरण नहीं होने की वजह से उत्पात मचाने वाले हाथी का कोई रिकॉर्ड वन विभाग के पास नहीं है। यही नहीं, कहा तो यह भी जा रहा है कि साल 2020 में इसी हाथी ने अपने महावत को मार दिया था। इसके बाद भी वन विभाग ने कार्रवाई नहीं की थी। यदि तब वन विभाग कार्रवाई कर देता तो आज शायद यह हादसा न होता। तहरीर नहीं आई तो अंजान में दिखाकर कर देंगे सेट सूत्रों के अनुसार यदि परिजन हादसे में तहरीर नहीं देंगे तो इसकी जांच नहीं होगी। ऐसे में जांच के नाम पर विभागीय कार्रवाई होती रहेगी। प्रशासनिक कार्रवाई होगी नहीं तो मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा। कुछ दिन बाद पालतू हाथी को अज्ञात में दिखाकर छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद हाथी घूमकर अपने मालिक या महावत के पास चला जाएगा।

## सीटी स्कैन और एमआरआई जांच शुरू : अब मरीज नहीं होंगे परेशान

गोरखपुर ब्यूरो : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। एम्स में शुक्रवार से सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की सुविधा शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन एम्स निदेशक डॉ. सुरेखा किशोर ने किया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसी कड़ी में इस सुविधा की शुरुआत की गई है। अब उन्हें बाहर जांच कराने की जरूरत नहीं है। दोनों मशीनें पिछले सवा दो साल से एक कमरे में बंद थीं। इन मशीनों की कीमत करीब 17 करोड़ रुपये है। एम्स प्रशासन को दोनों मशीनों के संचालन के लिए रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिल रहे थे। मशीनों की स्थापना के कुछ दिन बाद से ही यह बंद थी। इसे देखते हुए एम्स प्रशासन ने इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर संचालित करने का फैसला लिया है। इसके लिए पिछले पांच जनवरी को एम्स प्रशासन और हिंद लैब के बीच एमओयू का हस्ताक्षर हुआ था। दोनों मशीनें हिंद लैब के जरिए




संचालित होंगी। इसके लिए हिंद लैब एक और रेडियोलॉजिस्ट तैनात करेगा। इसके साथ ही हिंद लैब के पास दो रेडियोलॉजिस्ट हो जाएंगे। इसके बाद से हर दिन मरीजों को एमआरआई जांच की सुविधा मिलेगी। रेडियोलॉजिस्ट और तकनीशियन को दी गई ट्रेनिंग एम्स प्रशासन के मुताबिक हिंद लैब ने एमआरआई और सीटी स्कैन जांच के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट तैनात किया है। इसके अलावा तकनीशियन की टीम भी तैनात की गई है। दोनों मशीनों के संचालन के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी गई है। इसके बाद दोनों मशीनों का संचालन शुरू किया गया।

## महाशिवरात्रि के दिन अयोध्या पहुंची गौरव यात्रा ट्रेन : लगे जय श्रीराम के नारे

अयोध्या ब्यूरो : महाशिवरात्रि के दिन गौरव यात्रा ट्रेन अयोध्या पहुंच गई है। इस मौके पर अयोध्या कैंट स्टेशन पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इस ट्रेन से 190 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। सभी



यात्री चार बसों से अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए और रामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन–पूजन करेंगे। अयोध्या धाम से दर्शन पूजन करने के बाद ट्रेन सीतामढ़ी बिहार के लिए रवाना हो जाएगी। सीतामढ़ी से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचेंगे जहां काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।

# मुख्यमंत्री आवास को बम से उड़ाने की सूचना : मचा हड़कंप

लखनऊ ब्यूरो : दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम को शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे कॉल कर सूचना दी गई कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास को बम से उड़ा दिया जाएगा। आवास के सामने बम रख दिया गया है। सूचना मिलते ही दो बम निरोधक दस्ते, कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी ढाई घंटे तक सघन चेकिंग अभियान चलाते रहे। शाम पांच बजे के करीब पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि मौके से कोई बम नहीं मिला है। डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक के मुताबिक, कॉलर का नंबर बंद है। सर्विलांस टीम कॉलर की लोकेशन तलाश रही है। एलआईयू की टीम भी जानकारी जुटा रही है। सुरक्षाकर्मियों को हाई अलर्ट पर कर दिया गया है। पुलिस टीम को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश है। प्रवेश के हर द्वार पर सुरक्षा सख्त कर दी गई है।

## बुजुग की हत्या के मामले में बाप–बेटे को उम्र कैद

लखनऊ ब्यूरो : बुजुर्ग की लाठी–डंडों से पीटकर हत्या करने वाले पिता–पुत्र सुधारी रावत व राम नरेश रावत को फास्ट ट्रैक कोर्ट के एडीजे सत्येंद्र सिंह ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10–10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन की ओर से मौजूद धीरज यादव ने बताया कि मामले की रिपोर्ट वादी राम प्रकाश ने 14 अक्टूबर 2013 को थाना गोसाईगंज में दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया कि घटना के दिन शाम करीब सात बजे बाबा राम भरोसे (75) साइकिल से बाग जा रहे थे। रास्ते में सुधारी व रामनरेश ने उनकी हत्या कर दी थी। हत्या आरोपी की जमानत अर्जी खारिज मिट्टी खनन के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी महेंद्र प्रताप सिंह की जमानत अर्जी एडीजे कोर्ट ने खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की तरफ से अरुण पांडेय ने बताया कि वादिनी जाह्नवी ने जानकीपुरम थाने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि देवर सुभाष सिंह दोस्तों के साथ जानकीपुरम स्थित भवानी बाजार गया था, जहां महेंद्र व दुर्गेश सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुभाष को गोली मार दी थी।

# टेम्पो व कार की टक्कर में एक महिला समेत दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बडौना गांव समीप शनिवार की दोपहर टेम्पो व कार की टक्कर में एक महिला समेत एक युवक घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सरपतहां थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी कमला प्रसाद (45)पुत्र केसनाथ अपनी कार में सवार होकर शाहगंज आ रहे थे। बडौना गांव समीप शाहगंज की तरफ से जा रही तेज रफ्तार आटो की जोरदार टक्कर लगने से आटो में सवार महिला जनपद के लाइनबाजार के कंधरपुर गांव निवासी सीमा (45)पत्नी बबलू व कार सवार कमला प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।उपचार के दौरान चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर कमला को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।